प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

28 फरवरी 2022

# वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्यनिष्पादन

रिज़र्व बैंक ने आज वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्यनिष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए जो 2,744 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों (एनजीएनएफ) के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही और 2021-22 की दूसरी तिमाही के आंकड़े भी तुलना करने के लिए सारणियों में प्रस्तुत किए गए हैं। इन आंकड़ों को https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42. पर प्राप्त किया जा सकता है।

## मुख्य बातें

### बिक्री

- 2021-22 की तीसरी तिमाही में सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियों की बिक्री में पिछली तिमाही में 31.8 प्रतिशत और एक वर्ष पहले की इसी तिमाही में 4.0 प्रतिशत की तुलना में 25.3 प्रतिशत तक की वृद्धि (वाई-ओ-वाई) हुई (सारणी 1क)।

- 1,701 सूचीबद्ध विनिर्माण कंपनियों की सकल बिक्री में 27.3 प्रतिशत की तेज संवृद्धि (वाई-ओ-वाई) दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण पेट्रोलियम, अलौह धातुओं, लौह और इस्पात, रसायन और वस्त्र उद्योगों में उच्च बिक्री वृद्धि रही (सारणी 2क और सारणी 5क)।

- अपनी संवृद्धि की गति को बनाए रखते हुए, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों ने 2021-22 की तीसरी तिमाही के दौरान बिक्री में 20.7 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी (वाई-ओ-वाई) दर्ज की (सारणी 2क)।

- 2021-22 की तीसरी तिमाही में गैर-आईटी सेवा कंपनियों की बिक्री में 22.0 प्रतिशत की वृद्धि (वाई-ओ-वाई) हुई, दूरसंचार कंपनियों, जिनका इस विस्तृत श्रेणी में एक चौथाई हिस्सा है, में बिक्री में मामूली गिरावट देखी गई लेकिन गैर-दूरसंचार कंपनियां में अच्छी संवृद्धि दर्ज की गई (सारणी 2क और सारणी 5क)।

### व्यय

- बिक्री में वृद्धि के साथ-साथ, कच्चे माल पर विनिर्माण कंपनियों के व्यय में 37.1 प्रतिशत तक की वृद्धि (वाई-ओ-वाई) हुई, कच्चे माल पर उनका व्यय उनके कुल व्यय का 63.3 प्रतिशत था (सारणी 2क)।

- 2021-22 की तीसरी तिमाही के दौरान विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवाओं के क्षेत्र वाले कंपनियों के स्टाफ लागत में क्रमशः 7.6 प्रतिशत, 21.0 प्रतिशत और 15.8 प्रतिशत की वृद्धि (वाई-ओ-

वाई) दर्ज की गई, इन तीनों क्षेत्रों के कुल व्यय में स्टाफ लागत की हिस्सेदारी क्रमशः 6.2 प्रतिशत, 64.7 प्रतिशत और 10.6 प्रतिशत रही (सारणी 2क)।

**परिचालनगत लाभ**

- व्यय में बढ़ोत्तरी के कारण, 2021-22 की तीसरी तिमाही में सभी क्षेत्रों में परिचालनगत लाभ संवृद्धि में गिरावट आई (सारणी 2क)।

**ब्याज**

- 2021-22 की तीसरी तिमाही में विनिर्माण कंपनियों का ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर)[1] 8.6 (पिछली तिमाही में 8.7) पर स्थिर रहा, गैर-आईटी सेवा कंपनियों का आईसीआर यूनिटी के नीचे रही (सारणी 2ख)।

**मूल्यनिर्धारण शक्ति**

- विनिर्माण और आईटी कंपनियों के लिए परिचालन लाभ और निवल लाभ मार्जिन के संदर्भ में मूल्यनिर्धारण शक्ति स्थिर रही (सारणी 2ख)।

**सारणियों की सूची**

| सारणी संख्या. | | शीर्षक | |
|---|---|---|---|
| 1 | क | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | वृद्धि दरें |
| | ख | | चयन अनुपात |
| 2 | क | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का निष्पादन - क्षेत्रवार | वृद्धि दरें |
| | ख | | चयन अनुपात |
| 3 | क | चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का निष्पादन | वृद्धि दरें |
| | ख | | चयन अनुपात |
| 4 | क | बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का निष्पादन | वृद्धि दरें |
| | ख | | चयन अनुपात |
| 5 | क | उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का निष्पादन | वृद्धि दरें |
| | ख | | चयन अनुपात |
| व्याख्यात्मक टिप्पणी | | | |
| शब्दावली | | | |

[1] आईसीआर (अर्जन अनुपात जो ब्याज व्ययों के लिए ब्याज और कर से पूर्व है) किसी कंपनी की ऋण चुकाने की क्षमता का एक माप है। अर्थक्षम आईसीआर के लिए न्यूनतम मूल्य 1 है।

**टिप्पणियां:**

- विभिन्न तिमाहियों में कंपनियों का कवरेज, परिणामों की घोषणा की तारीख के आधार पर भिन्न होता है; हालांकि, इससे समग्र स्थिति में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है।
- संकलन पद्धति, और शब्दावली (संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित जो पिछली प्रकाशनी से भिन्न है) का विवरण देने वाले व्याख्यात्मक नोट संलग्न हैं।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1792**